श्री पुष्पदंत-जिन पूजा

Śrī Puṣpadanta-Jina Pūjā

पुष्पदंत भगवंत संत सु जपंत तंत गुन |
महिमावंत महंत कंत शिव-तिय-रमंत मुन ||
काकंदीपुर जन्म पिता-सुग्रीव रमा-सुत |
स्वेत-वरन मनहरन तुम्हें थापूं त्रिवार-नुत ||

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्र ! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट्! (आह्वाननम्)

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः! (स्थापनम्)

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट्! (सन्निधिकरणम्)

Puṣpadanta bhagavanta santa su japanta tanta guna |
Mahimāvanta mahanta kanta śiva-tiya-ramanta muna ||
Kākandīpura janma pitā-sugrīva ramā-suta |
Svēta-varana manaharana tumheṁ thāūpṁ trivāra-nuta ||

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndra! Atra avatarata avatarata sanvauṣaṭ! (āhvānanam|

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndra! Atra tiṣṭhata tiṣṭhata ṭha: tha:! (Sthāpanam)

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndra! Atra mama sannihitō bhavata bhavata vaṣaṭ! (sannidhikaraṇam)

(चाल होली)

मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे |... || टेक |
हिमवन-गिरि-गत गंगाजल भर, कंचन-भृंग भराय |
करम-कलंक निवारन-कारन, जजूं तुम्हारे पाय ||
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे |... ||टेक |

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।१।

(Cāla hōlī)

Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |
Mērī araja sunījē |...|| Ṭēka |
Himavana-giri-gata gaṅgājala bhara, kañcana-bhṛṁga bharāya |
Karama-kalaṅka nivārana-kārana, jajūṁ tumhārē pāya ||
Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |
Mērī araja sunījē |... ||Ṭēka |

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndrāya janma-jarā-mṛtyu-vināśanāya jalaṁ nirvapāmīti svāhā |1|

All copyrights reserved © 2Alotus

बावन-चंदन कदली-नंदन, कुंकुम-संग घसाय |
चरचूं चरन हरन-मिथ्यातम, वीतराग-गुण गाय ||
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे |... ||टेक |

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ।2।

Bāvana-candana kadalī-nandana, kuṅkuma-saṅga ghasāya |
Caracūṁ carana harana-mithyātama, vītarāga-guṇa gāya ||
Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |
Mērī araja sunījē |...||Ṭēka |

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndrāya sansāratāpa-vināśanāya candanaṁ nirvapāmīti svāhā |2|

शालि अखंडित सौरभ-मंडित, शशि-सम द्युति दमकाय |
ताको पुंज धरूं चरनन-ढिंग, देहु अखय-पद-राय ||
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे |... ||टेक |

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।३।

Śāli akhaṇḍita saurabha-maṇḍita, śaśi-sama dyuti damakāya |
Tākō puñja dharūṁ caranana-ḍhiṅga, dēhu akhaya-pada-rāya ||
Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |
Mērī araja sunījē |...||Ṭēka |

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndrāya akṣayapada-prāptayē akṣatān nirvapāmīti svāhā |3|

सुमन सुमन-सम परिमल-मंडित, गुंजत अलिगन आय |
ब्रह्मपुत्र-मद भंजन-कारन, जजूं तुम्हारे पाय ||
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे |... ||टेक |

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय कामबाण- विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।४।

Sumana sumana-sama parimala-maṇḍita, guñjata aligana āya |
Brahmaputra-mada bhañjana-kārana, jajūṁ tumhārē pāya ||
Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |
Mērī araja sunījē |... ||Ṭēka |

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndrāya kāmabāṇa- vidhvansanāya puṣpaṁ nirvapāmīti svāhā |4|

घेवर बावर फेनी गोजा, मोदन मोदक लाय |
छुधा-वेदनि-रोग हरन को, भेंट धरूं गुण-गाय ||
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे |... ||टेक |

All copyrights reserved © 2Alotus

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।५।

Ghēvara bāvara phēnī gōjā, mōdana mōdaka lāya |
Chudhā-vēdani-rōga harana kōṁ, bhēṇṭa dharūṁ guṇa-gāya ||
Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |
Mērī araja sunījē |... ||Ṭēka |

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndrāya kṣudhārōga-vināśanāya naivēdyaṁ nirvapāmīti svāhā |5|

वाति-कपूर दीप-कंचनमय, उज्ज्वल-ज्योति जगाय |
तिमिर-मोह-नाशक तुमको लखि, धरूं निकट उमगाय ||
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे |... || टेक |

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति. स्वाहा ।६।

Vāti-kapūra dīpa-kañcanamaya, ujjvala-jyōti jagāya |
Timira-mōha-nāśaka tumakō lakhi, dharūṁ nikaṭa umagāya ||
Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |
Mērī araja sunījē |...||Ṭēka |

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndrāya mōhāndhakāra-vināśanāya dīpaṁ nirvapāmīti. Svāhā |6|

दश वर-गंध धनंजय के संग, खेवत हूँ गुन-गाय |
अष्ट-कर्म ये दुष्ट जरें सो, धूम सु धूम उड़ाय ||
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे |... || टेक |

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।७।

Daśa vara-gandha dhanañjaya kē saṅga, khēvata huṁ guna-gāya |
Aṣṭa-karma yē duṣṭa jarēṁ sō, dhūma dhūma su uṛāya ||
Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |
Mērī araja sunījē |...||Ṭēka |

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndrāya aṣṭakarma-dahanāya dhūpaṁ nirvapāmīti svāhā |7|

श्रीफल मातुलिंग शुचि चिरभट, दाड़िम आम मंगाय |
ता सों तुम पदपद्म जजत हूँ, विघन-सघन मिट जाय ||
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे... ||

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ।८।

Śrīphala mātuliṅga śuci cirabhaṭa, dāṛima āma maṅgāya |
Tā sōṁ tuma padapadma jajata hūṁ, vighana-saghana miṭa jāya ||
Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |

All copyrights reserved © 2Alotus

Mērī araja sunījē...||

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndrāya mōkṣaphala-prāptayē phalaṁ nirvapāmīti svāhā |8|

जल-फल सकल मिलाय मनोहर, मन-वच-तन हुलसाय |
तुम पद पूजूं प्रीति लाय के, जय जय त्रिभुवनराय ||
मेरी अरज सुनीजे, पुष्पदंत जिनराय |
मेरी अरज सुनीजे |... || टेक |

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।९।

Jala-phala sakala milāya manōhara, mana-vaca-tana hulasāya |
Tuma pada pūjūṁ prīti lāya ke, jaya jaya tribhuvanarāya ||
Mērī araja sunījē, puṣpadanta jinarāya |
Mērī araja sunījē |... ||Ṭēka |

Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajinēndrāya anarghyapada-prāptayē arghyam nirvapāmīti svāhā |9|

पंचकल्याणक-अर्घ्यावली

Pañcakalyāṇaka-Arghyāvalī

नवमी-तिथि कारी फागुन धारी, गरभमाँहिं थिति देवा जी |
तजि आरण-थानं कृपानिधानं, करत शची तित सेवा जी ||
रतनन की धारा परम-उदारा, परि व्योम तें सारा जी |
मैं पूजूं ध्याऊँ भगति बढ़ाऊँ, करो मोहि भवपारा जी ||

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्ण-नवम्यां गर्भमंगल-प्राप्ताय श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।१।

Navamī-tithi kārī phāguna dhārī, garabhamāṁhiṁ thiti dēvā jī |
Taji āraṇa-thānaṁ kṛpānidhānaṁ, karata śacī tita sēvā jī ||
Ratanana kī dhārā parama-udārā, pari vyōmataiṁ sārā jī |
Maiṁ pūjauṁ dhyāvauṁ bhagati baṛhāvauṁ, karō mōhi bhavapārā jī ||

Ōṁ hrīṁ phālgunakṛṣṇa-navamyāṁ garbhamaṅgala-prāptāya śrīpuṣpadantajinēndrāya arghyam nirvapāmīti Svāhā |1|

मंगसिर-सितपच्छं-परिवा स्वच्छं, जनमे तीरथनाथा जी |
तब ही चव-भेवा निरजर-येवा, आय नये निज-माथा जी ||
सुर-गिर नहवाये, मंगल गाये, पूजे प्रीति लगाई जी |
मैं पूजूं ध्याऊँ भगति बढ़ाऊँ निजनिधि हेतु सहाई जी ||

ॐ ह्रींमार्गशीर्षशुक्ल-प्रतिपदायांजन्ममंगल-प्राप्ताय श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।२।

Maṅgasira-sitapaccharṁ-parivā, svaccharṁ janamē tīrathanāthā jī |
Taba hī cava-bhēvā nirajara-yēvā, āya nayē nija-māthā jī ||

All copyrights reserved © 2Alotus

Sura-gira nahavāyē, maṅgala gāyē, pūjē prīti lagār'i jī |
Maiṁ pūjōṁ dhyāvauṁ bhagata baṛhāvauṁ, nijanidhi hētu sahār'i jī ||

Ōṁ hrīm mārgaśīrṣaśukla-pratipadāyāñjanmamaṅgala-prāptāya śrīpuṣpadantajiinēndrāya arghyaṁ nirvapāmīti Svāhā |2|

सित-मंगसिर मासा तिथि सुखरासा, एकम के दिन धारा जी |
तप आतमज्ञानी आकुलहानी, मौन-सहित अविकारा जी ||
सुर-मित्र सुदानी के घर आनी, गो-पय पारन कीना जी |
तिन को मैं वंदूं पाप निकंदूं, जो समतारस भीना जी ||

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षशुक्ल-प्रतिपदायां तपोमंगल-प्राप्ताय श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।३।

Sita-maṅgasira māsā tithi sukharāsā, ēkama kē dina dhārā jī |
Tapa ātamajñānī ākulahānī, mauna-sahita avikārā jī ||
Sura-mitra sudānī kē ghara ānī, gō-paya pārana kīnā jī |
Tina kō maiṁ vanduṁ pāpa nikanduṁ, jō samatārasa bhīnā jī ||

Ōṁ hrīm mārgaśīrṣaśukla-pratipadāyāṁ tapōmaṅgala-prāptāya śrīpuṣpadantajiinēndrāya arghyaṁ nirvapāmīti Svāhā |3|

सित-कार्तिक गाये दोइज धाये, घाति-करम परचंडा जी |
केवल-परकाशे भ्रम-तम-नाशे, सकल सार सुख मंडा जी ||
गनराज-अठासी आनंदभासी, समवसरण वृषदाता जी |
हरि पूजन आयो शीश नमायो, हम पूजें जगत्राता जी ||

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्ल-द्वितीयायां ज्ञानमंगल-प्राप्ताय श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।४।

Sita-kārtika gāyē dō'ija dhāyē, ghāti-karama paracaṇḍā jī |
Kēvala-parakāśē bhrama-tama-nāśē, sakala sāra sukha maṇḍā jī ||
Ganarāja-aṭhāsī ānandabhāsī, samavasaraṇa vṛṣadātā jī |
Hari pūjana āyō śīśa namāyō, hama pūjēṁ jagatrātā jī ||

Ōṁ hrīṁ kārtikaśukla-dvitīyāyāṁ jñānamaṅgala-prāptāya śrīpuṣpadantajiinēndrāya arghyaṁ nirvapāmīti Svāhā |4|

भादव-सित सारा आठैं धारा, गिरि-समेद निरवाना जी |
गुन अष्ट-प्रकारा अनुपम धारा, जय-जय कृपा-निधाना जी ||
तित इन्द्र सु आयो, पूज रचायो, चिहन तहाँ करि दीना जी |
मैं पूजत हों गुन, ध्यान-मही सों, तुमरे रस में भीना जी ||

ॐ ह्रीं भाद्रपदशुक्लाऽष्टम्यां मोक्षमंगल-प्राप्ताय श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।५।

Bhādava-sita sārā āṭhaiṁ dhārā, giri-samēda niravānā jī |
Guna aṣṭa-prakārā anupama dhārā, jaya-jaya kṛpā-nidhānā jī ||

All copyrights reserved © 2Alotus

Tita indra su āyau, pūja racāyau, cihana tahāṁ kari dīnā jī |
Maiṁ pūjata hōṁ guna, dhyāna-mahīsauṁ, tumarē rasa mēṁ bhīnā jī ||

Ōṁ hrīṁ bhādrapadaśuklāṣṭamyāṁ mōkṣamaṅgala-prāptāya śrīpuṣpadantajinēndrāya arghyaṁ nirvapāmīti Svāhā |5|

जयमाला

Jayamālā

(दोहा)

लच्छन-मगर सुश्वेत-तन तुंग-धनुष-शत-एक |
सुर-नर-वंदित मुकतपति, नमूं तुम्हें सिर टेक |१|

(dōhā)

lacchana-magara suśvēta-tana tuṅga-dhanuṣa-śata-ēka |
Sura-nara-vandita mukatapati, namūṁ tumhēṁ sira ṭēka |1|

पुहुपदंत गुन-वदन है, सागर तोय समान |
क्यों करि कर-अंजुलिन करि, करिये तासु प्रमान |२|

Puhupadanta guna-vadana hai, sāgara tōya samāna |
Kyōṁ kari kara-añjulina kari, kariyē tāsu pramāna |2|

(छन्द तामरस)

पुष्पदंत जयवंत नमस्ते, पुण्य तीर्थंकर संत नमस्ते |
ज्ञान-ध्यान-अमलान नमस्ते, चिद्विलास सुख ज्ञान नमस्ते |३|

(Chanda tāmarasa)

Puṣpadanta jayavanta namastē, puṇya tīrthaṅkara santa namastē |
Jñāna-dhyāna-amalāna namastē, cidvilāsa sukha jñāna namastē |3|

भव-भय-भंजन देव नमस्ते, मुनिगण-कृत पद-सेव नमस्ते |
मिथ्या-निशि दिन-इन्द्र नमस्ते, ज्ञान-पयोदधि चंद्र नमस्ते |४|

Bhava-bhaya-bhañjana dēva namastē, munigaṇa-kṛta pada-sēva namastē |
Mithyā-niśi dina-indra namastē, jñāna-payōdadhi candra namastē |4|

भवदु:ख-तरु नि:कंद नमस्ते, राग-दोष-मद-हनन नमस्ते ||
विश्वेश्वर गुन-भूर नमस्ते, धर्म-सुधारस-पूर नमस्ते |5|

All copyrights reserved © 2Alotus

Bhavadu:Kha-taru ni:Kanda namastē, rāga-dōṣa-mada-hanana namastē ||
Viśvēśvara guna-bhūra namastē, dharma-sudhārasa-pūra namastē |5|

केवल ब्रह्म-प्रकाश नमस्ते, सकल चराचर-भास नमस्ते |
विघ्न-महीधर विज्जु नमस्ते, जय ऊरधगति-रिज्जु नमस्ते |६|
Kēvala brahma-prakāśa namastē, sakala carācara-bhāsa namastē |
Vighna-mahīdhara vijju namastē, jaya ūradhagati-rijju namastē |6|

जय मकराकृत-पाद नमस्ते, मकरध्वज-मदवाद नमस्ते ||
कर्म-भर्म-परिहार नमस्ते, जय-जय अधम-उधार नमस्ते |७|
Jaya makarākr̥ta-pāda namastē, makaradhvaja-madavāda namastē ||
Karma-bharma-parihāra namastē, jaya-jaya adhama-udhāra namastē |7|

दया-धुरंधर धीर नमस्ते, जय-जय गुन-गम्भीर नमस्ते ||
मुक्ति-रमनि-पति वीर नमस्ते, हर्ता भव-भय-पीर नमस्ते |८|
Dayā-dhurandhara dhīra namastē, jaya-jaya guna-gambhīra namastē ||
Mukti-ramani-pati vīra namastē, hartā bhava-bhaya-pīra namastē |8|

व्यय-उत्पति-थिति धार नमस्ते, निज-अधार अविकार नमस्ते ||
भव्य भवोदधि तार नमस्ते, 'वृन्दावन' निस्तार नमस्ते |९|
Vyaya-utpati-thiti dhāra namastē, nija-adhāra avikāra namastē ||
Bhavya bhavōdadhi tāra namastē, 'Vr̥ndāvana' nistāra namastē |9|

(घत्ता)
जय-जय जिनदेवं, हरिकृतसेवं, परम धरम-धनधारी जी ||
मैं पूजूं ध्याऊँ, गुन-गन गाऊँ, मेटो विथा हमारी जी |१०|
ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय जयमाला-पूर्णर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

(Ghattā)
Jaya-jaya jinadēvaṁ, harikr̥tasēvaṁ, parama dharama-dhanadhārī jī ||
Maiṁ pūjuṁ dhyāuṁ, guna-gana gāuṁ, mēṭō vithā hamārī jī |10|
Ōṁ hrīṁ śrīpuṣpadantajiinēndrāya jayamālā-pūrṇārghyam nirvapāmīti svāhā ||

पुहुपदंत पद संत, जजें जो मन-वच-काई |
नाचें गावें भगति करें, शुभ-परनति लाई ||
सो पावें सुख सर्व, इन्द्र-अहमिंद तनों वर |
अनुक्रम तें निरवान, लहें निहचै प्रमोद धर ||

All copyrights reserved © 2Alotus

Puhupadanta pada santa, jajēṁ jō mana-vaca-kāi |
Nācēṁ gāvēṁ bhagati karēṁ, śubha-paranati lāi ||
Sō pāvēṁ sukha sarva, indra-ahaminda tanōṁ vara |
Anukrama teṁ niravāna, lahēṁ nihacai pramōda dhara ||

।। इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपामि ।।

|| Ityāśīrvādaḥ Puṣpāñjaliṁ kṣipāmi ||

* * * A * * *

2Alotus

All copyrights reserved © 2Alotus